फाइल सं. एमओईएस-28/05/2009-स्था.
भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
ब्लॉक - 12, सीजीओ कॉम्पलैक्स,
लोदी रोड, नई दिल्ली-110003

दिनांक 15 अक्तूबर, 2011

**विषय:- भारत मौसम विज्ञान विभाग में उच्चतर प्रशासनिक ग्रेड ₹ 75500 (3% की दर से वार्षिक वेतनवृद्धि) - 80,000 में मौसम विज्ञान के महानिदेशक के एक (01) पद को भरना।**

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के तहत भारत मौसम विज्ञान विभाग में उच्चतर प्रशासनिक ग्रेड ₹ 75500/- (3% की दर से वार्षिक वेतनवृद्धि) – 80,000 में मौसम विज्ञान के महानिदेशक के एक (01) पद को भरने के लिए आवेदन-पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। इस पद को नियमित आधार पर भरे जाने का प्रस्ताव है।

2. पद का विस्तृत विवरण **अनुलग्नक-I** में दिया गया है।

3. अनुरोध है कि पात्रता की शर्तों को पूरा करने वाले तथा आवश्यक/वांछनीय अर्हताएं/अनुभव रखने वाले तथा जिन्हें चयन हो जाने पर कार्यमुक्त किया जा सके, उन अधिकारियों द्वारा संलग्न प्रपत्र में विधिवत रूप से हस्ताक्षरित तथा नियोक्ता द्वारा पृष्ठांकित आवेदन-पत्र (दोहरी प्रतियों में) उनकी पिछले पाँच वर्ष की पूर्ण तथा अद्यतन गोपनीय रिपोर्टों/एपीएआर सहित इस विज्ञापन के रोजगार समाचार में प्रकाशन की तिथि से 30 दिन (दूरस्थ क्षेत्रों के लिए 45 दिन) की अवधि में हस्ताक्षरकर्त्ता को भेज दिए जाएं। मूल एसीआर/एपीआर न भेजे जा सकने की दशा में पिछले पाँच वर्ष की एसीआर/एपीआर की फोटो प्रतियां, जो कि कम से कम अवर सचिव रैंक के अधिकारी द्वारा सत्यापित हो, कृपया अग्रेषित की जाएं। अभ्यर्थी से सीधे तौर पर प्राप्त होने वाले अथवा बिना हस्ताक्षर वाले अथवा नियोक्ता द्वारा पृष्ठांकित किए बिना प्राप्त होने वाले अथवा अंतिम तिथि के बाद अथवा गोपनीय रिपोर्टों/एपीएआर के बिना प्राप्त होने वाले अथवा अन्यथा अपूर्ण पाए जाने वाले आवेदन-पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा। आवेदन-पत्र (अनुलग्नक-I में) अग्रेषित करते समय यह सत्यापित और प्रमाणित किया जाए कि अधिकारी द्वारा भरा गया विवरण सही है तथा अधिकारी के विरूद्ध कोई अनुशासनिक प्रकरण लम्बित नहीं है और न ही चलाए जाने पर विचार किया जा रहा है तथा उस पर पिछले 10 वर्षों के दौरान कोई छोटी/बड़ी शास्ति नहीं लगाई गई है। अधिकारी की सत्यनिष्ठा भी प्रमाणित की जाए।

4. पद के लिए आवेदन करने का प्रपत्र तथा अन्य ब्यौरा इस कार्यालय की वेबसाइट www.moes.gov.in पर भी उपलब्ध है।

(वसुधा गुप्ता)
निदेशक, (स्था.)
दूरभाष सं. 011-24306827

अनुलग्नक-I

## मौसम विज्ञान के महानिदेशक पद के लिए कार्य विवरण

(1) पद का नाम: मौसम विज्ञान के महानिदेशक

(2) स्थिति: केंद्रीय सिविल सेवा, समूह 'क' राजपत्रित

(3) वेतनमान: उच्चतर प्रशासनिक ग्रेड ₹ 75,500 (3% की दर से वार्षिक वेतनवृद्धि) - 80,000

(4) अपेक्षित अर्हता एवं अनुभव:

(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कम से कम प्रथम श्रेणी (60%) में विज्ञान में स्नात्तकोत्तर डिग्री या इंजीनियरिंग डिग्री या समतुल्य

(ii) पद अर्हता के लिए अभ्यर्थी को मौसम विज्ञान, वायुमंडलीय या पृथ्वी विज्ञान के क्षेत्र में अनुसंधान विकास, अनुसंधान प्रबंधन में कम से कम 20 वर्ष का अनुभव हो।

टिप्पण: यदि चयन प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर सचिव, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय यह समझते हैं कि इन रिक्तियों को भरने के लिए अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के अपेक्षित अनुभव प्राप्त अभ्यर्थी पर्याप्त संख्या में उपलब्ध होने की संभावना नहीं हैं तो सक्षम प्राधिकारी के विवेकाधिकार से इन समुदायों के अभ्यर्थियों के मामले में अनुभव से संबंधित अर्हता में छूट दी जा सकती है।

(5) <u>वांछनीय:</u> किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से मौसम विज्ञान, वायुमंडलीय या पृथ्वी विज्ञान में डॉक्टर की उपाधि या समतुल्य ।

(6) आयु सीमा: 58 वर्ष से अधिक नहीं

<u>टिप्पण</u> : आयु सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख भारत में अभ्यर्थियों से आवेदन प्राप्त करने के लिए नियत की गई अंतिम तारीख होगी (न कि वह अंतिम तारीख जो असम, मेघालय, अरूणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा, जम्मू-कश्मीर राज्य के लद्दाख खंड, हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति जिले तथा चंबा जिले के पांगी उपखंड, अंडमान और निकोबार द्वीप या लक्षद्वीप के अभ्यर्थियों के लिए विहित की गई है।)

(7) पद का स्थान: मुख्यालय कार्यालय, नई दिल्ली

अनुलग्नक-II

आवेदन पत्र

1. पूरा नाम तथा पता (स्पष्ट अक्षरों में):

2. जन्म तिथि (ईसवी सन् में):

3. केंद्र/राज्य सरकार के नियमों के अंतर्गत सेवानिवृत्ति की तिथि:

4. पता/ई-मेल/मोबाइल नं. :

5. शैक्षिक अर्हताएं:

6. क्या पद के लिए आवश्यक शैक्षिक और अन्य अर्हताएं पूरी करते है (यदि किसी अर्हता को नियमों में विहित अन्य अर्हता के समतुल्य माना गया है तो उससे संबंधित प्राधिकारी बताएं)

| क्रम सं. | अपेक्षित अर्हता/अनुभव | अधिकारी द्वारा प्राप्त अर्हताएं, अनुभव |
|---|---|---|
| | | |
| | | |
| | | |

7. कृपया स्पष्ट करें कि क्या उपर्युक्त प्रविष्टियों को देखते हुए आप पद की अपेक्षाओं को पूरा करते हैं?

8. कालक्रमानुसार रोजगार का ब्यौरा। यदि नीचे दिया गया स्थान अपर्याप्त है तो अपने हस्ताक्षर से विधिवत प्रमाणित अलग कागज पर जानकारी दें।

| क्रम सं. | कार्यालय/संस्थान/संगठन | धारित पद | से | तक | वेतनमान तथा मूल वेतन | कार्य का स्वरूप |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

9. वर्तमान रोजगार का स्वरूप अर्थात् तदर्थ या अस्थायी/स्थायीवत् या स्थायी

10. यदि **वर्तमान रोजगार** प्रतिनियुक्ति/संविदा आधार पर है, तो कृपया बताएं
   (क) प्रारंभिक नियुक्ति की तिथि
   (ख) प्रतिनियुक्ति/संविदा के आधार पर नियुक्ति की अवधि
   (ग) जिस मूल कार्यालय/संगठन से आप संबंधित है उसका नाम

11. **वर्तमान रोजगार** का अतिरिक्त ब्यौरा कृपया बताएं किसके अंतर्गत कार्यरत हैं:
   (क) केंद्र सरकार
   (ख) राज्य सरकार
   (ग) केंद्रीय स्वायत्तशासी संगठन
   (घ) केंद्र सरकार के उपक्रम
   (ङ) विश्वविद्यालय

12. क्या आप संशोधित वेतनमान के अंतर्गत आते हैं? यदि हां, तो वह तिथि बताए जब से संशोधन हुआ तथा संशोधन पूर्व वेतनमान भी बताएं

13. इस समय प्रति माह प्राप्त की जा रही कुल परिलब्धियां

14. कोई अतिरिक्त सूचना जिसे आप पद के लिए उपयुक्त होने के समर्थन में देना चाहते है। यदि नीचे दिया गया स्थान अपर्याप्त है तो अलग कागज संलग्न करे।

15. क्या अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित है।

16. अभ्युक्ति (यदि कोई हो)

दिनांक:

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर
पता तथा टेलिफोन नं.

**<u>नियोक्ता द्वारा पृष्ठांकन</u>**

आवेदक द्वारा दिए गए विवरण का सत्यापन किया गया और यह सही पाया गया है। यह भी प्रमाणित किया जाता है कि उनके विरूद्ध कोई अनुशासनिक/सर्तकता मामला लंबित/विचाराधीन नहीं है तथा पिछले 10 वर्षो के दौरान इन पर किसी प्रकार की बड़ी/छोटी शास्ति नहीं लगाई गई है। इनके अद्यतन सीआर डोजियर (पिछले 5/6 वर्ष की सीएआर/एपीएआर सहित) संलग्न है। साथ ही अधिकारी की सत्यनिष्ठा भी प्रमाणित की जाती है।

हस्ताक्षर
नाम और पदनाम
पूरा पता तथा टेलिफोन न.